
# सारा अली खान को डेट करने के सवाल पर क्या बोले कार्तिक आर्यन



बॉलिवुड में लिंक-अप्स और अफेयर की खबरें हमेशा चर्चा में रहती हैं। इस साल भी शादी से लेकर अफेयर तक बड़ी खबरें इंटरनेट पर तैरती रही हैं। हाल में सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी सारा अली खान ने करण जौहर के चैट शो कॉफी विद करण में कहा था कि वह ऐक्टर कार्तिक आर्यन को डेट करना चाहती हैं। सारा ने यह भी कहा था कि उन्हें कार्तिक आर्यन बहुत क्यूट लगते हैं।

इसके बाद सारा ने एक रेडियो शो में कहा था कि वह अपना अड्रेस कार्तिक आर्यन को भेजना चाहती हैं क्योंकि वह उन्हें बहुत पसंद हैं। लगातार 2 बार सारा के कार्तिक आर्यन को लेकर दिए गए बयानों के बाद इंटरनेट पर लोग इसकी चर्चा करने लगे। लोग निश्चित तौर पर सारा के इन बयानों पर कार्तिक का रिऐक्शन जानना चाहेंगे।

हाल में एक इवेंट के दौरान पहुंचे कार्तिक से इस बारे में पूछा गया तो पहले तो कार्तिक शर्मा गए लेकिन इतना जरूर बोले, सारा बहुत खूबसूरत ऐक्ट्रेस हैं। जब आगे इस बारे में और पूछा गया तो कार्तिक ने बहुत स्वीट तरीके से कहा, हां, मैं मतलब उनके साथ कॉफी पीना चाहूंगा। लगता है कि कॉफी विद करण के जरिए सारा अली खान और कार्तिक आर्यन की कॉफी डेट हो ही जाएगी। फैन्स को इस बात का भी इंतजार रहेगा कि यह जोड़ी कब फिल्मों में साथ दिखाई देती है।

# बॉलीवुड के लिए तेलुगू फ़िल्में छोड़ देंगे सुपरस्टार महेश बाबू?

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

तेलुगू सुपरस्टार महेश बाबू एक बार फिर से सुर्खियों में आ गए हैं। उनकी फैन फॉलोइंग ऐसी है कि दर्शक उनकी फिल्मों के लिए इंतजार में रहते हैं। वहीं हिंदी भाषी क्षेत्रों में भी महेश बाबू की पकड़ काफी अच्छी है क्योंकि उनकी साउथ की फिल्में ज्यादातर चैनलों पर दिखाई जाती रही है। लेकिन अब एक ऐसी खबर उनसे जुड़ी हुई सामने आ रही है जिसे जानने के बाद हिंदी भाषी फैंस भी काफी खुश हो जाएंगे।

साउथ फिल्मों के जाने-माने अभिनेता महेश बाबू अब बॉलीवुड में भी अपना सिक्का जमाने आ रहे हैं। उन्होंने बॉलीवुड में कदम रखने का फैसला कर लिया है। ताजा रिपोर्ट्स की मानें तो महेश बाबू जल्द ही एक बाइलिंगुअल फिल्म करने जा रहे हैं। ऐसा सुनने में आ रहा है कि महेश बाबू की इस बिग बजट फिल्म को 'बाहुबली' के डायरेक्टर एस एस राजामौली बनाएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, महेश बाबू की आने वाली ये फिल्म बहुत बड़े बजट में बनाई जाएगी, जिसका निर्देशन राजामौली करेंगे। महेश बाबू चाहते हैं कि राजामौली एक बार फिर से 'बाहुबली' जैसा कोई प्रोजेक्ट बनाएं, जो दर्शकों को चौंकाकर रख दे। हालांकि, उन्होंने राजामौली को निर्देश दिया है कि वो 'बाहुबली' की तरह कोई कॉस्ट्यूम ड्रामा नहीं चाहते। दोनों ने काफी समय तक कई विषयों पर विचार करने के बाद एक आइडिया पर सहमति जताई है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि, महेश बाबू कुछ महीने पहले मुंबई भी आए थे और उस वक्त ये खबर सामने आई थी कि वो किसी बड़े डायरेक्टर से मुलाकात करने पहुंचे हैं। हालांकि, बाद में उनकी पत्नी नम्रता ने इन कयासों पर विराम लगाते हुए कहा था कि ये सारी खबरें बेबुनियाद हैं। लेकिन अब खबर आ ही गई कि वो बॉलीवुड में जल्द अपना डेब्यू करने वाले हैं।

# कृति सेनन ने भेजा अक्षय कुमार और रितेश को भावुक संदेश

बॉलिवुड में अपनी साफ-सुथरी छवि वाली ऐक्ट्रेस कृति सेनन ने अपने को-स्टार अक्षय कुमार और रितेश देशमुख को सोशल मीडिया पर भावुक संदेश भेजे हैं। हाउसफुल-4 में ये तीनों एक साथ काम कर रहे हैं। अब फिल्म की शूटिंग पूरी होने पर कृति ने अक्षय और रितेश को मेसेज किए हैं।

कृति अक्षय और रितेश के साथ पहली बार किसी फिल्म में काम कर रही हैं। उन्होंने इन दोनों के साथ काम करने के अपने अनुभव को सोशलमीडिया पर शेयर किया है। कृति ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अक्षय कुमार के लिए लिखा है, दिलवाला अपनी जिंदादिल मुस्कान के साथ। सर आपके साथ काम करने का अनुभव बहुत ही शानदार रहा। मेरे साथ इतने अच्छे होने के लिए आपका शुक्रिया। आप बहुत ही फनी और बहुत ही पंजाबी हैं। किसी भी सीन में कुछ नया डालने की आपकी कोशिश बहुत ही शानदार रिजल्ट देती है। कृति ने रितेश देशमुख के लिए लिखा है, रिट्स, मैं जितने अच्छे लोगों को अभी तक जान पाई हूं, आप उनमें से एक हैं। मुझे इस बात की बेहद खुशी है कि मैं आपको जानती हूं। एक शानदार ऐक्टर और एक अच्छे इंसान। आप हमेशा ऐसे ही रहिएगा। मैं आप लोगों को हमेशा मिस करूंगी।

इससे पहले कृति ने अपनी डेब्यू फिल्म हीरोपंती में साजिद नाडियाडवाला के साथ काम किया था। उसके बाद से कृति ने बॉलिवुड की कई फिल्में कीं और अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी आखिरी फिल्म बरेली की बर्फी भी दर्शकों को पसंद आई है। अब जाकर उन्होंने अपनी फिल्म हाउसफुल-4 की शूटिंग पूरी की है और अब वह अपनी अगली फिल्म पानीपत की शूटिंग में बिजी हो जाएंगी।



# भारत के सेट्स पर रेट्रो लुक में दिखीं कटरीना कैफ

सलमान खान और कटरीना कैफ की आने वाली फिल्म भारत लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। इस फिल्म की शूटिंग तेजी से चल रही है। हाल में सलमान और कटरीना समेत फिल्म की यूनिट पंजाब में शूटिंग कर रही थी। शूटिंग की तस्वीरें भी सामने आई थीं।



पता चला है कि सलमान शूटिंग पूरी करके मुंबई वापस आ गए हैं क्योंकि शूटिंग के समय उन्हें कुछ चोट लग गई थी। अब फिल्म के प्रड्यूसर अतुल अग्निहोत्री ने फिल्म का एक विडियो शेयर किया है। यह विडियो लुधियाना में शूटिंग के दौरान का है जिसमें कटरीना कैफ फिल्म के सेट्स पर रेट्रो लुक में दिख रही हैं। विडियो में कटरीना प्रिंटेड कॉटन साड़ी और रेट्रो पैटर्न के ब्लाउज में दिखाई दे रही हैं। उनकी हेयरस्टाइल और हाथ की छतरी भी उनके इस रेट्रो लुक में चार चांद लगा देती है। हालांकि इस विडियो में कटरीना की बैक ही दिख रही है और सलमान खान आगे कैजुअल लुक में वॉक करते दिखाई दे रहे हैं।

बता दें कि अपनी शादी के लिए प्रियंका ने यह फिल्म छोड़ दी थी जिसके बाद इसमें उनकी जगह कटरीना को लिया गया है। फिल्म में सलमान और कटरीना के अलावा तब्बू, दिशा पाटनी और सुनील ग्रोवर प्रमुख भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

# दिल के लिए वेटलिफ्टिंग टहलने व साइकिल चलाने से बेहतर



यह आम धारणा है कि दिल को दुरुस्त रखने के लिए शारीरिक सक्रियता जरूरी है, लेकिन हाल ही में एक अध्ययन में खुलासा हुआ है कि दिल को बीमारियों से दूर रखने के लिए वेटलिफ्टिंग (वजन उठाना) से टहलने और साइकिल चलाने के मुकाबले ज्यादा फायदा होता है। अध्ययन में सामने आया कि दोनों तरह की गतिविधियों मसलन वेटलिफ्टिंग के साथ ही टहलने और साइकिल चलाने जैसी गतिविधियां करते रहने से हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा 3० से 7० फीसदी कम हो जाता है। ग्रेनाडा में सैंट जॉर्ज यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर माइया पी. स्मिथ ने कहा, ''दोनों तरह की गतिविधियां जैसे शक्ति प्रशिक्षण और एरोबिक गतिविधियां हृदय को स्वास्थ्य लाभ देती नजर आईं, चाहें कम मात्रा में ही क्यों न किया हो।''

उन्होंने कहा, ''स्थिर व्यायाम हालांकि गतिशील व्यायाम से ज्यादा फायदेमंद नजर आया।''

शोधकर्ताओं ने कहा कि चिकित्सकों को मरीजों विशेषकर बुजुर्गों को विभिन्न प्रकार के व्यायाम करने की सलाह दी क्योंकि दोनों प्रकार के व्यायाम करने वाले मरीजों ने सिर्फ एक प्रकार का व्यायाम करने वाले मरीजों की अपेक्षा ज्यादा सुधार किया। स्मिथ ने कहा, ''महत्वपूर्ण बात ये है कि वे शारीरिक गतिविधि में संलिप्त हैं।'' शोध के परिणाम पेरू में हुए एसीसी लैटिन अमेरिका कॉन्फ्रेंस 2०18 में पेश किए गए। इसके लिए शोधकर्ताओं ने शोध में 21 से 44 या 45 तक की आयु के 4,०86 वयस्कों को शामिल किया। शोध दल ने उच्च रक्तचाप, मोटापा, मधुमेह और उच्च कॉलेस्ट्रॉल जैसी हृदय संबंधी बीमारियों का विश्लेषण किया।